प्रभात खबर

# आरबीआइ के क्षेत्रीय निदेशक ने बेरमो में शिविर का किया निरीक्षण



संबोधित करते आरबीआइ के क्षेत्रीय निदेशक.

**गांधीनगर.** वित्तीय समावेशन व पुनः केवाइसी प्रक्रिया को गति देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने बेरमो प्रखंड के कुरपनिया पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया. एक जुलाई से 30 सितंबर तक चल रहे इस राष्ट्रीय अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएं, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं व पुनः केवाइसी की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है. निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने बैंक अधिकारियों व बैंकिंग संवाददाताओं से प्रगति पर चर्चा की और किसानों की सुविधा के लिए शिविर देर शाम तक संचालित करने का सुझाव दिया. उन्होंने प्रतिभागियों को समय पर पुनः केवाइसी कराने, सरलीकृत केवाइसी फॉर्म के उपयोग और विभिन्न बीमा व पेंशन योजनाओं से जुड़ने का आग्रह किया. शिविर में 2,476 खातों का पुनः केवाइसी पूरा हुआ और 5,316 ग्राहकों ने बीमा योजनाओं में नाम दर्ज कराया.

**प्रभात खबर, राँची, 15 अगस्त 2025**